## खबर संक्षेप

### नगर परिषद बम्हनी में चलाया होम कंपोस्टिंग अभियान



**बम्हनीबंजर।** नगर पालिका परिषद बम्हनी व्दारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 द्वारा IEC टीम के मेंबर के सहयोग से नगर में कचरा प्राथक्कीकरण, गीले कचरे से मटका विधि से होम कम्पोस्टिंग से खाद्य बनाना एवं नगर के व्यावसायिक स्थानों में दुकानदारों को पालीथीन बेन के बारे में जानकारी दी गई साथ ही पैंपलेट का वितरण किया गया और नगर मै अवैध रूप से रखे गए मटेरियल का चिन्हांकन कर समझीष दी गई ओर निर्माण कार्य को ग्रीन नेट से ढक्कर निर्माण किए जाने आम जानो को समझाया गया।

### निःशुल्क नवोदय मॉक टेस्ट सम्पन्न

**मण्डला।** अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध अधिकारी कर्मचारी संघ (आलोक) जिला मण्डला द्वारा निःशुल्क नवोदय मॉक टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमे माध्यमिक शाला धौरगांव में 45 छात्र/छात्राएं एवं सरस्वती शिशु मंदिर पदमी में 41 छात्र/छात्राये शामिल हुए। आलोक संघ के द्वारा प्रतिवर्ष निःशुल्क नवोदय मॉक टेस्ट पेपर लिए जाते हैं, इससे बच्चों का अनुभव बढ़ता है। आलोक संघ के जिला अध्यक्ष बालसिंह ठाकुर ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर पदमी में आलोक प्रमोटर शिवेश ठाकुर के द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई। श्रीराम ठाकुर आचार्य द्वारा परीक्षा ली गई, दिलीप ठाकुर, नितेश ठाकुर का सहयोग रहा। माध्यमिक शाला धौरगांव में शिक्षक रामभजन पटेल एवं कु. नीलम बरमैया का सहयोग रहा। शिवेश ठाकुर के द्वारा सभी छात्र/छात्राओं को बिस्कुट के पैकिट वितरण किये गए। आलोक संघ के मुख्य मार्गदशक लोकेश कुमार लिल्हारे जी.एस.टी. कमिश्नर जबलपुर जोन के मार्गदर्शन में भारत के विभिन्न राज्यों में निःशुल्क नवोदय कोचिंग व परीक्षा पूर्व निःशुल्क नवोदय मॉक टेस्ट पेपर का आयोजन किया जाता है।

## हरियाणा जबलपुर मंडला और माँगा की टीमों ने जीते ख़िताबी मुकाबले

# कबड्डी में दिखा जिले का हुनर





*** राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह समिति द्वारा आयोजित प्रतियोगिता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आदिवासी बहुल बिछिया विधानसभा में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा के संरक्षण में गठित राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह समिति घुघरी के तत्वाधान में विगत 3 वर्षों से आयोजित होने वाली ओपन व ग्रामीण वॉलीबॉल कबड्डी प्रतियोगिता का इस वर्ष भी शानदार आयोजन हुआ और बेहतरीन खेल व खिलाड़ियों की मौजूदगी में भव्य समापन किया गया। इस खेल आयोजन में इस वर्ष ओपन वॉलीबॉल पुरुष वर्ग की 6 टीमें सम्मिलित हुई जिसमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, गोरखपुर यूपी, अमरावती महाराष्ट्र व गुड़गांव की टीमों के बीच शानदार मैच हुए। वहीं ग्रामीण वॉलीबॉल पुरुष में जिले की 14 टीमें सम्मिलित हुई। इसी तरह ओपन महिला कबड्डी में मंडला जिले सहित प्रदेश के अन्य जिलों से 8 टीमें एवं ओपन पुरुष कबड्डी में जिले की 17 टीमें सम्मिलित हुई। 25 दिसंबर से शुरू हुई इन खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिदिन 25 से ज्यादा मैच खेले गए जिनमें शानदार खेल का प्रदर्शन हुआ। रोज हजारों की संख्या में खेलप्रेमी मैच देखने के लिए पहुंच रहे थे।

### हरियाणा, मंडला, जबलपुर व माँगा रहे विजेता

प्रतियोगिता का समापन 28 दिसंबर को बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, बैहर विधायक संजय उइके, जनपद मंडला अध्यक्ष संतोष सोनू भलावी, जनपद मोहगांव अध्यक्ष गत सिंह भावेदी, उपाध्यक्ष शिवकुमार मिश्रा एवं समिति अध्यक्ष अशोक भलावी की उपस्तिथि में किया गया। जिसमें ओपन वॉलीबॉल पुरुष वर्ष में फाइनल मैच हरियाणा व पंजाब की टीमों के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुक़ाबले में हरियाणा ने पंजाब को हराकर ख़िताब जीता। वहीं ग्रामीण वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में फाइनल मैच गोंडवाना दबंग माँगा व छतरपुर के बीच खेला गया जिसमें गोंडवाना दबंग माँगा ने छतरपुर को हराकर ख़िताब जीता। इसी तरह महिला कबड्डी के शानदार फाइनल मुक़ाबले में जबलपुर अकादमी की बालिकाओं ने शानदार खेल दिखाते हुए सतना अकादमी को शिकस्त देकर ख़िताब जीता। पुरुष कबड्डी का फाइनल मंडला व बांदरवाड़ी के बीच खेला गया जिसमें मंडला की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए बांदरवाड़ी की टीम को हराया और ख़िताब जीता। सभी फाइनल मैच होने के बाद पुरुस्कार वितरण किया गया जिसमें विजेता उपविजेता सहित सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरुस्कृत करने के साथ पूरे प्रदेश से आये कोच व रेफरी सहित जिले के समस्त पीटीआई को भी पुरुस्कृत किया गया।



### समिति सदस्यों की अटूट मेहनत से हो रहा आयोजन

विगत 3 वर्ष से आयोजित हो रही इस खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह समिति के सदस्यों की अटूट और अथक मेहनत से हो रहा है। समापन अवसर पर सम्मिलित हुए बैहर विधायक संजय उइके ने कहा कि इस तरह का खेल आयोजन अपने आप में ऐतिहासिक है और इस ऐतिहासिक सफल आयोजन के लिए समिति संरक्षक बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, अध्यक्ष अशोक भलावी सहित समिति के सभी सदस्यों की अटूट व अथक मेहनत ही एकमात्र कारण है। समिति के सदस्य जिस तन्मयता व समर्पण से आयोजन की व्यवस्था करते हैं उसकी जितनी प्रशंसा की जाये कम है। हमारे ग्रामीण क्षेत्र के ये समिति सदस्य उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। लगातार चार दिनों तक प्रतियोगिता आयोजित करवा पाना अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। वहीं बिछिया विधायक श्री पट्टा ने कहा कि ये आयोजन समिति सदस्यों की बेहतर प्लानिंग और मेहनत के कारण ही लगातार तीन वर्ष से सफल हो रहा है अगले वर्ष हमने तय किया है कि इससे भी बड़ा आयोजन किया जायेगा। समापन समारोह व पुरुस्कार वितरण के पश्चात समिति अध्यक्ष अशोक भलावी ने सभी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोगियों सहित सभी खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों का आभार ज्ञापित किया और इसी तरह सहयोग करते रहने की अपील की।



## नगर में सड़क पर वाहनों की पार्किंग से यातायात बाधित

*** संबंधित विभाग को ध्यान देने की आवश्यकता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नगर की यातायात व्यवस्था इन दिनों गंभीर संकट से गुजर रही है। शहर के प्रमुख मार्गों जैसे चिलमन चौक से बिझिंया, नेहरू स्मारक, बुधवारी और कृषि उपज मंडी तक यातायात दबाव की स्थिति दिनभर बनी रहती है। इसके कारण, सड़क पर अक्सर जाम लगने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। खासकर, दोपहिया वाहन चालकों को निकलने में कठिनाई होती है और इस बीच यदि किसी आपातकालीन सेवा जैसे एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड को गुजरना हो, तो उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

इस स्थिति का मुख्य कारण नगर के बीचो-बीच स्थित बस स्टैंड है। यहां बसों की धीमी गति से आवाजाही होती है और वे अपनी सवारियों को उतारने के लिए बीच सड़क पर खड़ी हो जाती हैं। इससे न केवल बसों के पीछे चल रहे अन्य वाहनों को परेशानी होती है, बल्कि यातायात व्यवस्था में भी अव्यवस्था उत्पन्न होती है। दूसरी ओर, दुकानदारों द्वारा सड़क के आधे हिस्से पर कब्जा कर लिया गया है, जिससे सड़कें और संकरी हो गई हैं और जाम की स्थिति और बिगड़ जाती है।

इसके अलावा, दुकानदारों द्वारा माल की लोडिंग और अनलोडिंग से भी सड़क की स्थिति प्रभावित होती है, जिससे पूरे क्षेत्र में यातायात अवरुद्ध हो जाता है। ऑटो रिक्शा की बढ़ती संख्या भी यातायात व्यवस्था को और विकृत कर रही है। इनमें से अधिकांश ऑटो बिना किसी निर्धारित स्टैंड के सड़क पर खड़े रहते हैं, जिससे यातायात में रुकावट आती है। इसके साथ ही, यदि कोई यात्री या वाहन चालक इस स्थिति पर आपत्ति जताता है, तो विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

यहां पर यह ध्यान देने योग्य है कि यातायात व्यवस्था की सुध लेने की आवश्यकता है, ताकि शहर की सड़कों पर लगने वाले जाम की समस्या का समाधान किया जा सके। जिला प्रशासन को चाहिए कि वह इस समस्या का ठोस हल निकाले, ताकि लोगों को इस स्थिति से राहत मिल सके और यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके।

नगर में व्याप्त इस समस्या के समाधान के लिए ट्रैफिक नियमों की सख्ती से पालन कराना, बसों के लिए निर्धारित स्टैंड बनाना, दुकानदारों से सड़क पर कब्जा हटवाना और ऑटो रिक्शा के लिए उपयुक्त स्टैंड बनाने जैसी पहलें जरूरी हैं। केवल इस तरह से ही शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकता है और नागरिकों को जाम की समस्या से निजात दिलाई जा सकती है।

### जर्जर सड़क के विरोध में जनसुनवाई में सौंपा जायेगा ज्ञापन

**मण्डला।** आज जो बुधवारी से लेकर उदय चौक की रोड नहीं बन पा रही है और पूरी सड़कें खुदी हुई है और लागातार दुर्घटना हो रही है जो रोड में काम लापरवाही पूर्वक चल रहा है उसके विरोध में जल्दी से जल्दी रोड बनवाने के लिए एक बैठक का आयोजन राम मंदिर प्रांगण में किया गया जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की दिन मंगलवार सुबह 11:00 बजे जनसुनवाई में क्षेत्र वालों के साथ सैकडो की संख्या में कलेक्टर के पास जनसुनवाई में जाकर रोड के संबंध में बात की जाएगी और एक ज्ञापन दिया जाएगा जैसे सोया हुआ प्रशासन जाग जाए।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से एनएच-30 से कन्हारी कला तक आवागमन हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

महाप्रबंधक मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण मंडला के द्वारा 337 लाख 87 हजार की लागत से एनएच-30 से कन्हारी कला तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पक्की सड़क का निर्माण किया गया है। इससे ग्राम कन्हारी कला तक आने जाने के लिए नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिली है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निर्माण एनएच-30 रोड से ग्राम कन्हारी कला तक दूरी 5.8 किलोमीटर है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्वक पूरा किया गया है। आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए सड़क मार्ग में पड़ने वाले नालों में पुलिया निर्माण भी किया गया है। छोटी पहाड़ी को पार करते हुए घुमावदार रास्ते बनाए गए हैं। सड़क मार्ग में जगह-जगह पर सांकेतिक चिन्ह भी लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निर्माण होने से ग्राम कन्हारी कला, ग्राम बुधनवारा, झुलुप, खुरूद और उमरिया एनएच-30 से जुड़ गए हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से इन ग्रामों के छात्र छात्राओं और नागरिकों के लिए आवागमन बेहद आसान हो गई है। श्री शिवानंद धुर्वे ने बताया कि पहले कच्ची सड़क होने के कारण नागरिकों को आने-जाने में बहुत कठिनाई होती थी, बरसात के मौसम में आने-जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। लेकिन जब से एनएच-30 से कन्हारी कला तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निर्माण हुआ है, तब से नागरिकों का सड़क परिवहन सरल हो गया है। उन्होंने बताया कि अब स्कूली बच्चे भी रोजाना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की पक्की सड़क से स्कूल आना-जाना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पक्की सड़क बन जाने पर सभी नागरिक बहुत प्रसन्न हैं। श्री रमेश सिंह मरकाम ने बताया कि पहले ग्राम कन्हारी कला से एनएच-30 तक परिवहन के लिए कच्चा सड़क मार्ग था। इसलिए नागरिकों को साप्ताहिक हाट-बाजार, अस्पताल, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय और जिला मुख्यालय तक आने जाने में बहुत कठिनाई होती थी।



## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाएं-अध्यक्ष अभय मनोहर सप्रे

*** सर्किटहाउस मंडला में सड़क सुरक्षा को लेकर ऑन रोड सेफ्टी की बैठक संपन्न हुई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पूर्व न्यायाधीश एवं सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष अभय मनोहर सप्रे ने कहा कि वर्तमान समय में सड़क और परिवहन मानव जीवन के लिए एक अभिन्न अंग बन गई है। सड़क परिवहन मानव जीवन को गति प्रदान करती है, वहीं सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु अत्यंत चिंता का विषय है। इसलिए दोपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट अवश्य बांधें। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। पूर्व न्यायाधीश एवं सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष रविवार को सर्किटहाउस मण्डला में आयोजित ऑन रोड सेफ्टी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, नगरपालिका अधिकारी श्री गजानंद नाफड़े, जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रमा दुबे सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

पूर्व न्यायाधीश एवं सुप्रीम कोर्ट कमेटी के अध्यक्ष श्री अभय मनोहर सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान चलाएं। इस अभियान में संतुलित गति में वाहन चलाने, हेलमेट पहनने, सीटबेल्ट लगाने, सड़कों के सांकेतिक चिन्हों का पालन करने और शराब के नशे में वाहन न चलाने के बारे में जानकारी दी जाए। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे सभी नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी मिल सके। अध्यक्ष श्री अभय मनोहर सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटना में कमी लाना है, जिससे प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु कम हो सके। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु में बिना हेलमेट और बिना सीटबेल्ट पहने वाहन चलाने वाले की संख्या ज्यादा होती है इसलिए बिना हेलमेट पहने और बिना सीटबेल्ट लगाए वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि मोटरव्हीकल एक्ट के नियमों का कड़ाई से पालन कराएं। इसके लिए विशेष पखवाड़ा चलाया जाए। वाहनों की फिटनेस, बीमा एवं वाहन चालकों के लायसेंसों की जांच की जाए। जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने इसका कॉलेज, स्कूल और अन्य माध्यमों में जन जागरूकता अभियान चलाने को कहा है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष अभय मनोहर सप्रे ने बताया कि भारत की तुलना में जापान, जर्मनी और अमेरिका में होने वाली सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने वाले लोगों की संख्या कम होती है, इसका कारण है कि वहां वाहन चलाते समय हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग किया जाता है। इसलिए सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु में कमी लाने के लिए हेलमेट और सीटबेल्ट का हमेशा उपयोग करने के लिए निर्देशित करें। जिससे सभी नागरिक हेलमेट और सीटबेल्ट को अपने व्यवहार में ला सकें और वाहन चलाते समय सभी नागरिक सुरक्षित रहें। इसके लिए नागरिकों को सड़क दुर्घटना व हादसों का उदाहरण देकर समझाईश दें। इस अवसर पर जिले में निर्माण किए जा रहे मुख्य सड़कों के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि गुणवत्ताहीन सड़क का निर्माण करने पर सड़क दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए गुणवत्ताहीन सड़कों का निर्माण करने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जाए।

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष श्री अभय मनोहर सप्रे ने कहा कि सभी शासकीय सेवक जो कार्यालय आने के लिए वाहन का उपयोग करते हैं उन्हें हेलमेट व सीटबेल्ट लगाकर कार्यालय आने के लिए निर्देशित करें। जिससे शासकीय सेवक अन्य नागरिकों के लिए एक उदाहरण बन सके। उन्होंने जिले के सभी वाहनों के बीमा, फिटनेस और वाहन चालकों के लायसेंसों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। जिससे किसी भी स्थिति में दुर्घटना होने पर पीड़ित परिवारों को बीमा की सहायता राशि प्रदान करने में कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना के प्रकरण पुलिस विभाग के द्वारा निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत किया जाए जिससे पीड़ित परिवार को समय पर मदद मिल सके।

**बैठक** | **अपेक्षित श्रेणी के 58 पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने दिया मत।**

# मण्डला भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए हुई रायशुमारी

*** पार्टी गाइडलाइन के तहत पर्ची में लिखे गये 6 नाम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के अंतिम चरण में भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष के पद हेतु रायशुमारी की गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमति प्रज्ञा त्रिपाठी एवं पर्यवेक्षक श्रीमति लता ऐलकर ने रायशुमारी के पूर्व उपस्थित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं प्रत्याशियों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए पार्टी गाईडलाईन के तहत दिये गये निर्देशों का जिक्र करते हुए कहा कि यह निर्वाचन भारतीय जनता पार्टी के संवैधानिक लोकतंत्र की यह प्रक्रिया है जिसमें लंबे समय से पार्टी में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को अपनी अपेक्षा व आकांक्षाओं को लेकर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। आम सहमति से प्रदेश संगठन भावी जिलाध्यक्ष का नाम तय करेगी। जिसे हम सभी को स्वीकार करना होगा। यह हमारी पार्टी की परंपरा रही है। सर्वप्रथम भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन माल्यार्पण कर चुनाव प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, भीष्म द्विवेदी,पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, रामप्यारे कुलस्ते, डॉ शिवराज शाह, झल्लू लाल तेकाम, पंडित सिंह धुर्वे, पूर्व जिलाध्यक्ष, बालकिशन खंडेलवाल, सिंघई प्रमोद जैन, बिजेन्द्र कोकडिया, रतन सिंह ठाकुर सहित मण्डल अध्यक्ष, जिला प्रतिनिधि, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर पालिका नैनपुर अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी, उपाध्यक्ष संजूलता वैष्णव उपस्थित थे।



### भाजपा जिलाध्यक्ष हेतु 20 दावेदारों ने किया आवेदन

संगठन पर्व के तहत जिलाध्यक्ष के निर्वाचन प्रक्रिया में अंतिम चरण तक 20 दावेदार ने अपना आवेदन एवं बायोडाटा प्रस्तुत किया। इसमें तीन महिला सदस्य हैं जिसमें वर्तमान जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, सुधीर कसार, राजेश जैन, प्रफुल्ल मिश्रा, शैलेश मिश्रा, महेन्द्र पटेल, जयदत्त झा, उमेश ठाकुर, आशीष जैन, अखिल सिहारे, संदीप सिंह, भगवती श्रीधर, जगत सिंह मरावी, नीरज मरकाम, डॉ विजय सर्वटे, रीतेश राय, शिव पूसाम शशि पटेल शिखा श्रीवास्तव मंजू कछवाहा ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। निर्वाचन की प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी बनाने के लिए प्रदेश संगठन की गाइडलाइन के तहत जिलाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया में जिले से अनुसूचित जनजाति वर्ग की एक महिला सदस्य एवं अनुसूचित जनजाति के पुरुष सदस्य का नाम भी पर्ची में लिखा गया इसके साथ जिले से 2 प्रदेश प्रतिनिधि सदस्य चुने जाने हैं इस हेतु पर्ची में प्रदेश प्रतिनिधियों का नाम भी लिखकर लिफाफे में बंद कर निर्वाचन अधिकारी को सौंपा गया।

**खबर संक्षेप**

## केरल एकजुटता अभियान को लेकर किया आयोजन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के अंबेडकर भवन में बीते हुये 20 दिसंबर से 30 दिसंबर तक देशभर में मनायें जा रहे केरल एक जुटता अभियान के संबंध में मध्य प्रदेश किसान सभा जिला नरसिंहपुर द्वारा एक सभा का आयोजन एडवोकेट एन एस पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस मौके पर अन्य वक्ताओं के अलावा प्रमुख वक्ता के रूप में अखिल भारतीय किसान सभा के सह सचिव का. बादल सरोज ने संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र की सरकार केरल की सीपीएम के नेतृत्व में चल रही एलडीएफ की सरकार को अस्थिर करने के लिए तथा सरकार द्वारा आम लोगों के लिए चलाई जा रहीं जन कल्याणकारी योजनाओं को असफल करने के लिए 1 लाख करोड रुपए से अधिक के बजटीय फंड को रोक कर रखे हुए हैं। वही दूसरी ओर बाम मोर्चा सरकार द्वारा इस अभियान के माध्यम से केंद्र की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ वैकल्पित नीतियों को देश भर में ले जाने और वैसी ही नीतियों को केन्द्र सरकार द्वारा बनाए जाने की मांग को उठाए जाने का आम जनता से आवाहन किया जा रहा है। इस मौके पर अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## रोजगारों को भ्रमित कर रही हैं कंपनियाँ

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** इस समय देखा जा रहा है कि शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेरोजगार युवकों को ठगने का सिलसिला खुलेआम देखने मिल रहा है? जिसमें जिसमें देखा जा रहा है कि आये दिन नित्य नयी नयी कंपनियाँ ग्रामीण क्षेत्रों में अपने पैर पसार रही हैं और बेरोजगार युवकों को बहला फुसलाकर उन्हें रातो रात लखपति बनाने का सपना दिखाते हुये अपने जाल में फाँस रही हैं और ताज्जुब की बात तो यह है कि इन कंपनियों के ऐजेंट शहरों से लेकर गाँव गाँव तक घूमकर बेरोजगारों को सुनहरे सपने दिखाते हैं और उन्हें कुछ ही महीनों में लखपति बनने के आसमानी सपने दिखाकर उनसे एक मुश्त रकम लेकर उनको अपना एजेन्ट बना लेते हैं। इस तरह से क्षेत्र में अनेक कंपनियाँ अपना रोजगार फैलाये हुये हैं। लोगों का आरोप है कि इन तथा कथित कंपनियों के उत्पाद इतने महँगे हैं कि इन्हें खरीद ही नहीं सकते चूँकि जो भी व्यक्ति रकम जमा कर इन कंपनियों का एजेन्ट बन जाता है तो उसे दूसरा एजेन्ट बनाने का कार्य दिया जाता है और वह निकल जाता है ।

## कागजों में दबकर समाप्त हो जाती है शासन की अनेक योजनाएं

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** राज्य और केन्द्र शासन ने प्रदेश के विकास हेतु कई कल्याण कार्ययोजनाएं जनता के हितार्थ बना दी है कि उनकों अमलीजामा पहनाना संदिग्ध हो चला है, योजनाओं का कितना क्रियान्वयन हुआ है और क्या उसमें कमी है, इसकी सूक्ष्मता से जांच जरूरी है? क्योंकि कागजी आंकड़ों मे योजनाओं को सफल बता दिया जाता है, इसके लिए जिम्मेदार होते है नौकरशाह और अफसर शाही वर्ग जो कि नेताओं को गुमराह कर योजनाओं को नीतियों को सफल क्रियान्वयन होना तो बता देते है परंतु नतीजा शून्य ही होता है? जिस प्रकार से शासन द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान रखते हुये योजनाओं की झड़ी लगा दी परंतु योजनाओं की परिणति क्या हुई होगी, इसका अंदाजा पूर्व से लेकर अब तक ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधि बने बैठे पार्टी के हम दर्दियों द्वारा ही प्रदेश के मुखिया की योजनाओं को किस प्रकार से क्रियान्वयन किया जा रहा है जो मात्र कागजों में तो दिखाई दे रही है, इसकी सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली अनेक पंचायतों में देखने मिली सकती है। जहां पर कागजो पर तो पंचायत में विकास कार्यो की गाड़ी पूरी तप्तार से दौड़ रही है, मगर देखा जावे तो सच्चाई कुछ और ही है..? क्योंकि देखा जा रहा है कि प्रदेश मे पंचायतीराज, भ्रष्टाचार इर्ष्याद्वेष एवं भाई भतीजावाद के आधार पर चल रहा है,? पंचायतों के माध्यम से जिन योजनाओं के कार्य सौंपे जाते है ।

# बैमौसम हुई बारिश ने दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में खोली नगर परिषद की व्यवस्थाओं की पोल, जरा सी बारिश होते हुये वाहन तो दूर नगर के कॉलोनी व मुहल्लों में पैदल पहुंचना हो जाता है मुश्किल ...









**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

शहर हो या फिर कस्बा वहां पर निवास करने वाले सभी लोग अपने क्षेत्र का विकास चाहते है। मगर कभी कभी देखा जाता है कि विकास कार्य को अंजाम तक पहुंचाने वाले लोगों द्वारा जिस प्रकार से कार्य किया जाता है वही निश्चित ही वहां पर निवास करने वाले लोगों के लिये अभिशाप बनने से नही चूकता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में देखने मिल रही है। जहां पर लोगों की सुविधाओं को ध्यान मे रखते हुये नल जल योजना के तहत सीवरेज पाईप लाईन डालने के लिये जिस प्रकार से बाहर से आई हुई एक कंपनी द्वारा बीते हुये लगभग पांच -छः साल पहले से जिस कछुवा गति से कार्य किया जा रहा है जिसमें कार्य पूर्ण होने की अवधि समाप्त होने के बाद भी कार्य पूर्णतः की ओर नही पहुंच पाया है..? जिसका परिणाम है कि जरा सी बारिश का दौर शुरू होते ही नगर के लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूकता है। कुछ इसी तरह की सच्चाई इन दिनों भी देखने मिल रही है। बताया जाता है कि बीते हुये शुक्रवार को हुई बैमौसम बारिश नगर नगर परिषद की व्यवस्थाओं की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। मुख्य सड़को पर जहां तालाब के नजारे देखने मिल रहे है तो दूसरी ओर मुहल्लो को कालोनियों का क्या हाल होगा इसकी कल्पना आसानी से की जा सकती है..? इसका मुख्य कारण है कि नगर में सही रूप से साफ सफाई न होने के चलते जहां नालिया चौक होने से पानी नही निकल पा रहा है तो दूसरी ओर यहां पर नर्मदा जल सप्लाई के लिये पाईप लाईन डालने के लिये जिस तरह सड़को की खुदाई की गई थी वह परेशानी का कारण बनने से नही चूक पा रहा है जो जरा सी बारिश होते ही सड़को पर पानी भरने से नही चूक पाता है। बताया जाता है कि 33.73 करोड़ रूपया की अनुमानित लागत से पूर्ण होने वाली इस योजना के कार्य का शुभारंभ 5 अगस्त 2018 से शुरू होकर 2 दिसम्बर 2020 तक पूर्ण करने का लक्ष्य था। मगर यह कागजों में तो शायद पूर्ण हो चुकी होगी। मगर जिस तरह नगर की दुर्गति हुई है उसका परिणाम नगरवासियों को लगातार भोगने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा इस कार्य को जिस प्रकार से नगर के अंदर मुख्य सड़कों की खुदाई की गई है उसके चलते नगर के अंदर की स्थिति इस तरह की बनी हुई है कि जरा सी बारिश होते ही जहां लोगों को अपने घरों तक पैदल पहुंचना तक मुश्किल हो जाता है। क्योंकि नगर के अंदर मुख्य सड़को के बीचों बीच की गई खुदाई के कारण सड़को का नामोनिशान मिट चुका था और सुधार के नाम पर निभाई गई औचारिकता के चलते जरा बारिश होते ही नगर की सड़को पर कीचड़ का साम्राज्य स्थापित होने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की गति धीमी होने के कारण यह परेशानी नगर के लोग बीते हुये लगभग 5-6 साल से भोगते चले आ रहे है। वही दूसरी ओर जिस तरह से नगर परिषद द्वारा बीते हुये कुछ वर्ष पहले नगर के अंदर शासन की लाखों रूपया की राशि खर्च करते हुये जिन सीमेन्ट सड़को का निर्माण किया गया था वह सड़के भी इस योजना की भेंट चढ़ चुकी है जिससे नगर परिषद को भारी क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ा है। इस सच्चाई को लेकर नगर के लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा इन सड़को की खुदाई एक साइड से करते हुये पाईप लाईन डाली गई होती तो निश्चित ही आम लोगों को परेशानी का सामना करने से निजात मिलने के साथ साथ सड़को को भी सुरक्षित बचाया जा सकता था। मगर इस कंपनी द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये नगर के अंदर मुख्य सड़को से लेकर कालोनियों में जिस तरह से बीचों बीच खुदाई कर दी गई है उसके चलते जहां नगर के लोग लगातार परेशान होते हुये देखे जा रहे है। वही निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सबाल खड़े होने से नही बच पा रहे है? जबकि बताया जाता है कि इस प्रकार से जल सप्लाई सहित अन्य लाईनों को यदि शहर के अंदर से डाला जाता है तो सड़कों के किनारे मजदूरों के माध्यम से खुदाई कराये जाने के नियम है? मगर यहां पर देखने मिल रहा है कि जिस प्रकार से शहर के अंदर सड़को की मशीनों के माध्यम से खुदाई की गई है उसके चलते नगर की सड़के पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त होने से नही बच पाई है। वही दूसरी ओर सड़क किनारे निवास करने वाले लोगों के घरों को भी मशीन की धमश के चलते क्षति पहुंचते हुये देखी जा चुकी है..? इतना ही नही यदि सड़क के बीचों बीच डाली गई इस पाईप लाईन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह सांईखेड़ावासियों को भविष्य में भी परेशानी का कारण बनने से नही चूक पायेगी? क्योंकि जब इस योजना का कार्य पूर्ण हो चुका होगा और उस दौरान यदि पाईप लाईन में कभी कोई गड़बड़ी पैदा हो जाती है तो उसे ठीक करने के लिये फिर सड़क के बीचों बीच खुदाई करते हुये ही उस गड़बड़ी को ठीक किया जा सकेगा। इस स्थिति में चलते नगर की सड़को की खुदाई की नौबत सदा ही बनते हुये देखी जावेगी इस तरह सदा ही शहर में खुदाई को दौर चलने से नही चूक पायेगा? यदि इस पाईप लाईन को सड़क किनारे से डाली गई होती तो निश्चित ही नगरवासियों को वर्तमान समय से लेकर भविष्य में भी परेशानियों से निजात मिल सकती थी। यदि इस कार्य को मशीन की जगह मजदूरों से कराया गया होता तो निश्चित तौर से नगर के लोगों को परेशानी से नही जूझना पड़ता। क्योंकि मशीन के माध्यम से कराया गये कार्य के चलते सड़को की खुदाई सड़को के बीचों बीच से होने के कारण नगर की संपूर्ण सड़के जहां खराब हो चुकी है जो जरा सी बारिश होते ही जहां दलदल का रूप धारण कर लेती है और यह हाल नगर के अंदर सदा ही बना रहेगा क्योंकि पाईप लाईन में भविष्य में खराबी आने या फिर नया कनेक्शन देने के दौरान सड़को की खुदाई होना आम बात बन जावेगी? इस सच्चाई को लगातार उजागर किये जाने के बाद भी अधिकारियों द्वारा समय रहते हुये किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के कारण नगर की जनता को इस प्रकार की परेशानी सदा ही झेलते हुये देखा जाना आम बात हो जावेगी? कहने के लिये तो कंपनी द्वारा खोदी गई सड़को पर सुधार कार्य के नाम पर औपचारिकता निभाई गई है। मगर उनका सही लेबिल नही होने के कारण पानी नही निकलने से सड़को पर पानी भरने के नजारे देखे जा रहे है।



## जनशिक्षा केंद्र स्तर पर आयोजित हुए शैक्षिक संवाद में कक्षा 3 से 8 वीं तक पढ़ाने वाले शिक्षकों ने की सहभागिता

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार एवं डीपीसी डॉ आर के चतुर्वेदी के मार्ग दर्शन मे क्षेत्र के जनपद शिक्षा केंद्र साईंखेड़ा एवं चीचली के जनशिक्षा केंद्र स्तरो पर शासकीय शालाओं मे कक्षा 3 से 8 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए शैक्षिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षिक संवाद कार्यक्रम साईंखेड़ा ब्लॉक के जनशिक्षा केंद्र कन्या नवीन का ग्राम गरधा , पलोहाबड़ा जनशिक्षा केंद्र का ग्राम खकरिया, जनशिक्षा केंद्र बम्होंरी कला का ग्राम सोकलपुर, आदर्श जनशिक्षा केंद्र गाडरवारा का ग्राम बोदरी, जनशिक्षा केंद्र आमगांव छोटा का ग्राम बेलखेड़ी, बनवारी का ग्राम मिढ़वानी एवं सीएम राइज साईंखेड़ा का वही पर शैक्षिक संवाद आयोजित किया गया। इसी प्रकार से चीचली ब्लॉक मे जनशिक्षा केंद्र चीचली, सूखाखैरी, कठोतिया, तेंदूखेड़ा, बारहाबड़ा, करपगांव, शाहपुर, सालीचौका मे भी शैक्षिक संवाद आयोजित किए गये। बताया जाता है कि कक्षा 3 से 5 वीं कक्षाओं को पढ़ाने वाले शैक्षिक संवाद मे पीयर लर्निंग एवं कक्षा 6 से 8 वीं कक्षाओं के शैक्षिक संवाद मे रचनात्मक फीड बैक विषय पर शिक्षकों से चर्चा की गई एवं संवाद के माध्यम से शिक्षकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। वही बीते हुये शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ब्योहार ने साईंखेड़ा के सीएम राइज स्कूल के शैक्षिक संवाद का रमसा एडीपीसी दीपक अग्निहोत्री, बीईओ प्रतुल इंदुरख्या, बीआरसी संदीप स्थापक, प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा, बीएसी मनीराम मेहरा की उपस्तिथि मे निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा की सभी शिक्षक संवाद मे आये बिन्दुओ का अध्ययन कर उनका शिक्षण मे उपयोग करें। वही अधिकारी ब्योहार ने आगे कहा कि संवाद मे आपसी विचार विमर्श से हमें सीखने को मिलता है।निरीक्षण के क्रम मे राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से मिशन अंकुर टीम सदस्य मुकेश तिवारी ने बीएसी पवन राजोरिया के साथ ग्राम गरधा एवं मिढ़वानी के शैक्षिक संवादो मे शिक्षकों से चर्चा करते हुए कहा कि सभी शिक्षक शैक्षिक संवाद मे कोल्ड कालिंग सहित अनेक बिन्दुओ पर गहन चर्चा करें एवं अच्छे सुझावों को डायरी मे नोट करते जाएँ। निरीक्षण के क्रम मे चीचली बीआरसी डी के पटैल ने उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के शैक्षिक संवाद का अवलोकन कर उपयोगी सुझाव दिए। सभी जगहों पर शैक्षिक संवादों मे समस्त जनशिक्षक एवं सहजकर्ता सक्रिय रहे।

# सीएम राइज स्कूल सांईखेड़ा पहुंचकर जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

अधिकारियों द्वारा समय समय पर शासकीय संस्थाओं को अचानक पहुंचकर निरीक्षण करने की कार्य शैली अपनाई जाती है इससे निश्चित तौर से उनके अधिनस्थ रहने वालों में अपने कार्यो के प्रति निष्ठा बनी रहती है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार ने एडीपीसी समग्र शिक्षा दीपक अग्निहोत्री, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या तथा बीआरसी संदीप स्थापक एवं लेखपाल प्रकाश साहू दल के साथ सीएम राइज विद्यालय सांईखेड़ा का निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी व्यौहार ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों को निरंतर उपस्थिति देने के लिए प्रेरित किया गया। वही परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक शनिवार होने वाले जनशिक्षा केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद में प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग के शिक्षकों को कक्षानुरूप बच्चों का अधिगम स्तर बनाए रखने के निर्देश देने के साथ ही उन्होंने पुस्तकालय के रखरखाव पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। बताया जाता है कि इसके उपरांत स्मार्ट क्लास में जाकर विद्यालय की शिक्षक द्वारा तैयार हिंदी विषय के आधारभूत अधिगम मॉड्यूल से शिक्षण के तरीके को देखा। वही प्रयोगशाला में संचालित गतिविधियों एवं उसके दस्तावेजीकरण का अवलोकन किया। इस दौरान प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा ने नवाचारों से अवगत कराया गया तो प्राचार्य भानुप्रताप राजपूत ने पर्यावरण संरक्षण, विद्या विश्वकर्मा ने अंग्रेजी, सुधीर प्रजापति व मनोहर पटेल ने गणित, आदित्य द्विवेदी ने क्रीड़ा एवं अन्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी व निरीक्षण दल ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने के लिए प्रयास करने पर बल दिया और उन्हें टिप्स भी दिये। एमपी टास एवं अपार आईडी निर्माण की स्थिति और सीएम राइज विद्यालय में संचालित विभिन्न शाखाओं की जानकारी दी व प्रगति से कराया। निरीक्षण के दौरान सीएम राइज विद्यालय के अखिलेश मेहरा, रूप सिंह कुशवाहा,अर्चना तिवारी, कीर्ति चौबे, हेमलता अग्रवाल,भागीरथ प्रसाद, निर्जन झारिया,ओम कौरव और अन्य स्टाफ मौजूद था।

# संबंधित विभाग की उदासीनता के चलते लाखों की शासकीय संपत्ति को पहुंच रही क्षति, जिम्मेदार कर रहे नजर अंदाज





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

जहां ओर सरकार द्वारा आम लोगों की सुरक्षाओं को ध्यान में रखते हुये शासकीय धन राशि को खर्च करते हुये व्यवस्थाएं तो बनाई जाती है, मगर संबंधित विभाग द्वारा उस शासकीय संपत्ति को नजर अंदाज किये जाने के कारण यह सरकारी संपत्ति या तो क्षतिग्रस्त हो जाती है या फिर चोरों की नजर पड़ने के कारण गायब होने से नही बच पाती है । कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र की मुख्य सड़कों के किनारे जिस प्रकार से सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुये एल्युमिनियम की रैलिंग लगाई गई थी जिससे वाहन चालकों को सुरक्षा के साथ साथ सड़को को सुन्दरता प्रदान करने से नही चूक रही है। मगर संबंधित विभाग द्वारा बरती जा रही उदासीनता का परिणाम इस प्रकार से देखने मिल रहा है कि सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुये बनाई गई इस रैलिंग को जहां रातो रात गायब करने में चोरों द्वारा कोई कसर नही छोड़ी जा रही है, वही दूसरी ओर इस संपत्ति को क्षति पहुंचाने वालों के खिलाफ पुलिस व संबंधित विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही किये जाने के कारण लगातार क्षति पहुंचाई जा रही है जिसका परिणाम इस प्रकार से देखा जाने लगा है कि वाहन चालक सड़को पर पूर्णरूप से असुरक्षा महसूस करने से नही चूक पा रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के वायपास मार्ग पर देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि यह मार्ग राष्ट्रीय स्तर का होने के कारण जहां दिन भर इस मार्ग पर हजारों की संख्या में छोटे बडे वाहनों का निकलना होता है, जिसके चलते नगर के शक्कर नदी पुल से शासकीय महाविद्यालय की ओर जाने वाले क्षेत्र में सड़क किनारे नीचले भाग में बने हुये आवासों में निवास करने वाले लोगों को सदा ही इस बात का भय सताते रहता था कि रैलिंग विहीन इस मार्ग पर किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है। क्योंकि यहां पर रहने वाले लोगों को बीते हुये कुछ वर्ष पहले आधी रात को जब एक ट्रक अनियंत्रित होते हुये एक मकान पर जा गिरा था।

## कबाड़ की बाटलों से बनाया सुंदर जुगाड़,पिता के लगाए पेड़ पौधे बने प्रेरणा की मिसाल- राय

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि लोगों के द्वारा फेकी जाने वाली चीजे निश्चित तौर से किसी खूब सूरत रूप धारण करते हुये लोगो का मन मोहने से नही चूकती है..। इसी लिये कहते है आज के समय में सब काम की चीजें होती है बशर्त है आपको उन्हें काम में लेना आना चाहिए..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाइ्र नगर के समाजसेवी संगठन श्री सांई श्रद्वा सेवा समिति के संस्थापक युवा आशीष राय में देखने मिली है जिन्होंने ने कबाड़ से एकत्र की गई चीजों को एक नया रूप देते हुये जिस तरह उन्हे मनमोहक बनाया है वह आकर्षण का केन्द्र बनने के साथ साथ इस बात को चारितार्थ करते हुये देखी जा रही है कि एक दिन घूरे के भी दिन फिरते है..? बताया जाता है कि आशीष राय द्वारा अपने ही घर के कबाड़ में पड़ी खराब बाटल और केनो से अनोखे और अदभुत पोर्ट बनाकर पर्यावरण के संरक्षण में एक नई मिशाल पेश की गई है। घर में पड़ी खाली वाटल और केनो को कटर के माध्यम से काटकर सुंदर और मनमोहक पोर्ट तैयार करने के साथ उनमें सुन्दरता भरने के साथ ही उनमें मनमोहक पौधा रोपण करते हुये पर्यावरण की रक्षा का अनोखा संदेश पेश किया गया है। इस तरह बाजार में आमतौर पर पौधों को लगाने वाले पोर्ट करीब पचास से लेकर पांच सौ रुपए तक की लगात से मिलते है। लेकिन आशीष ने कबाड़ से जुगाड का जो दिमाग लगाया उसमें सुंदर और मनमोहक पोर्ट में महज पांच से दस रुपए का खर्च में तैयार होकर सुन्दरता बिखरने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। इस तरह कबाड़ से जुगाड की प्रेरणा पर जब आशीष राय से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि मेरे पिता स्वर्गीय अशोक राय को पेड़ पौधे लगाने का बहुत शौक था और उन्होंने अपने जीवनकाल में सैकड़ों किस्म के अनेक पेड़ पौधे लगाने साथ ही उनका पेड़ पौधे के प्रति आत्मीय रिश्ते जैसा लगाव था। लेकिन उनके चले जाने के बाद से मेने पेड़ पौधे को ही उनकी आत्मीय संपत्ति मानकर उसके संरक्षण का संकल्प किया। इस तरह कई महीनों से मैं तरह तरह के पौधे को विकसित करके लगा रहा हूँ। साथ ही जब नए पौधे को लगाने में पोर्ट की कम पड़ गई तो मैंने घर के कबाड़ में पड़ी वाटल और केनो से ही जुगाड करके पोर्ट बनाने की सोची और फिर बोतलों को काटकर नए नए पोर्ट बनाए जिनकी सुंदर आज देखते ही बनती है। जिन पेड़ पौधे से कभी मैं दूरी बना लेता था, आज उन्ही पेड़ पौधे के साथ जब होता हूँ तो सोचता हूँ कि मैं अपने पिता के साथ हूँ।

## खबर संक्षेप

### सक्का में होटल के सामने सट्टा लिखते सटोरिया धराया

डिंडौरी।कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सक्का में एक होटल के सामने सट्टा पट्टी काटते एक सटोरिया को पुलिस ने दबोचा है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शनिवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी कि राजू बनवासी की होटल के सामने ग्राम सक्का में एक आदमी सटटा पर्ची लिख रहा है। मुखबिर सूचना पर बताये स्थान पर रेड कार्यवाही किया गया। ग्राम सक्का में राजू बनवासी के होटल के सामने एक व्यक्ति सटटा पर्ची लिखते हुये मिला, जिससे नाम पता पूछा गया जो अपना नाम लच्छू पिता रामदयाल उम्र 36 साल निवासी ग्राम राई बताया। आरोपी के कब्जे से एक सटटा पर्ची जिसमे अंको पर रूपये पैसा का 210 रूपये का हिसाब लेख है, एक डाट पेन एवं नगदी 210 रूपये जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध चार (क) सट्टा एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### गुटका उधारी न देना युवक को पड़ा महंगा

डिंडौरी। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुकर्रामठ मढ़ई में राजश्री गुटका उधारी न देना एक युवक को महंगा पड़ गया। उधारी मांगने वाले युवकों ने दुकानदार युवक की पिटाई कर दी, जिसकी शिकायत पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से की है। पुलिस ने घटना को जांच में लिया है। प्रार्थी लक्ष्मण ठाकुर पिता गोवर्धन ठाकुर उम्र 18 साल निवासी ग्राम कुकर्रामठ ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि मैं बीए प्रथम वर्ष की पढाई चन्द विजय कालेज डिंडौरी में करता हूं। शनिवार को मैं कुकर्रामठ मडई में किराने की दुकान लगाया था। शाम करीब 06.30 बजे मैं अपने दुकान पर था, तभी ग्राम बुडरूखी के नीरज ठाकुर, सूरज ठाकुर, जय ठाकुर मेरी दुकान पर आये और मुझसे उधार मे राजश्री गुटखा मांगे। मैंने राजश्री देने से मना किया तो वह लोग मुझे हाथ झापड से मारपीट किये हैं। मारपीट कर अपने घर चले गये थे। फिर वापस नीरज ठाकुर अपने पिता चन्द्रभान ठाकुर व बडे पिता केशू ठाकुर, विशाल को लेकर आये और घर में मेरे साथ मारपीट किये हैं। मारपीट के दौरान बीच बचाव करने मेरा भाई तुलसी राम ठाकुर आया तो उससे भी मारपीट किये हैं। मारपीट से मुझे सिर में चोट आयी है।

### 6 लीटर अवैध महुआ मदिरा की गई जप्त

डिंडौरी।कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुकर्रामठ में एक ग्रामीण के पास से पुलिस ने 6 लीटर महुआ की अवैध मदिरा जप्त किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को ग्राम कुकर्रामठ में मडई व्यवस्था डियुटी के लिए थाना स्टाफ गया हुआ था। मडई व्यवस्था डियुटी के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम ग्राम कुकर्रामठ मे एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखे हुये है। मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही किया गया, जहां एक आदमी अपने घर के पीछे एक प्लास्टिक की जरिकेन रखे हुये दिखायी दिया। जिससे नाम पता पूछा गया जो अपना नाम रामाधर वनवासी पिता घनश्याम वनवासी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम कुकर्रामठ बताया। उसके पास रखी प्लास्टिक की जरिकेन को चैक किया गया जिसमे हाथ भट्टी की बनी कच्ची महुआ शराब रखी हुयी थी।आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक की जरिकेन में रखी हुयी 6 लीटर अवैध हाथ भट्टी की बनी कच्ची महुआ शराब कीमती 600 रूपये जप्त की गई। आरोपी के विरूध्द धारा 34 A आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

### मन की बात कार्यक्रम का हुआ आयोजन

शहपुरा रविवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल शाहपुरा के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 117 एपिसोड कार्यक्रम का आयोजन किया गया आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के संविधान एवं आगामी दोनों में प्रयागराज में अनेकता में एकता और समरसता और सनातन धर्म की सांस्कृतिक विरासत के महाकुंभ के बारे में विशेष चर्चा की साथ ही आज उन्होंने बच्चों की मनोरंजन से जुड़े केटीवी भारत है हम चैनल का भी विशेष जिक्र किया इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुर्वेद से जुड़ी बातों का भी विशेष जिक्र किया मां की बात कार्यक्रम में आज सैकड़ो की संख्या में आम जन मोदी की मन की बात कार्यक्रम में सम्मिलित हुए प्रमुख रूप से आज भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष भजन दास चक्रवर्ती वरिष्ठ जन विष्णु अवधिया श्याम गुप्ता घनश्याम कछवाहा सुरेंद्र श्रीवास्तव मुकेश गुप्ता जगन्नाथ वनवासी तुलसीदास गुप्ता अरुण अग्रवाल राजू सोनी मंडल महामंत्री सुरेंद्र साहू एवं सोनलाल परस्ते राजेश गुप्ता सत्येंद्र जैन सलभ साहू रविश साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने 4 घण्टे तक रखा सड़क जाम

# तेज रफ्तार ट्रक ने मवेशियों को रौंदा

**समनापुर-डिंडौरी मार्ग में किकरझर के पास अनियंत्रित ट्रक का कहर, दो मवेशियों की मौत, दर्जनों घायल**

रविवार की सुबह समनापुर से डिंडौरी के तरफ आ रहे तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 7042 अनियंत्रित होकर दर्जनों मवेशियों को रौंदते हुए सड़क किनारे जा घुसा, वाहन दुर्घटना में 02 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई वही दर्जनों मूक पशु गंभीर रूप से घायल हो गए।



हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।

दुर्घटना की जानकारी लगते ही भारी संख्या में पहुँचे ग्रामीणों ने समनापुर-डिंडौरी मार्ग 04 घण्टे तक जाम रखा, ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले साल भी इसी जगह पर तेज रफ्तार डंफर द्वारा दो दर्जन मवेशियों की रौंदने मौत हो गई थी, जिसका मुआवजा पीड़ति पशु पालकों को अभी तक प्रदान नही करने का आरोप लगा रहे थे, अधिकारियों के काफी समझाइस और मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम खोल दिया। इस दौरान दोनों तरफ से आने जाने वाले लोग घण्टो तक परेशान होते रहे।

### बेलगाम बोलेरो वाहन ने गाय को मारी जोरदार टक्कर गाय की इलाज के दौरान हुई मौत

शहपुरा - डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर में बीती रात एक बेलगाम बोलेरो वाहन ने तेज रफ्तार के साथ गाय को जोरदार टक्कर मारते हुए मोहल्ले के ही कुछ लोगों के सीढीओ को तोड़ दिया मोहल्ले वासियों ने तत्काल बोलेरो वाहन **no MP**52 **BA** 0335 को खड़ा करवा तत्काल शहपुरा पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची शहपुरा पुलिस ने बोलेरो वाहन और वाहन चालक को शिकायत के दौरान मामला कायम किया घायल अवस्था में पड़ी गाय को राष्ट्रीय हिंदू सेना संगठन और बजरंग दल के सदस्यों के द्वारा पशु चिकित्सालय की डॉक्टर को सूचित कर गाय का इलाज कराया गया लेकिन सुबह तक गाय की मौत हो गई राष्ट्रीय हिंदू सेवा संगठन और बजरंग दल के सदस्यों ने वाहन चालक के ऊपर पुलिस प्रशासन से अनुरोध करते हुए कड़ी कार्यवाही के लिए अनुरोध की गई, इस दौरान राष्ट्रीय हिंदू सेना संगठन की संभाग अध्यक्ष कुपेश नामदेव जिला अध्यक्ष देवलाल उसराठे नगर अध्यक्ष हरिलाल यादव और बजरंग दल के गौ रक्षक रूपेश गुप्ता मोहित कारपेंटर विक्की सोनी एवं अन्य सदस्य गढ़ उपस्थित रहे सभी सदस्यों ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्यवाही करने की मांग की।




## मस्टर रोल से लेकर निर्माण कार्यों तक में फर्जीवाड़ा

# एक ही जगह पर कराया 2 बार सड़क निर्माण

**- फर्जीवाड़े की जांच कराने में अधिकारियों का छूट रहा पसीना**

हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।




समनापुर जनपद पंचायत के समीपी ग्राम पंचायत सुंदरपुर में सरपंच, सचिव के द्वारा भ्रष्टाचार की हद पार करते हुए एक ही जगह पर दो- दो बार सीसी सड़क निर्माण कराये जाने का मामला सामने आया है, पूर्व में सड़क गायब होने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी, लेकिन जिम्मेदारों ने जांच और कार्रवाई करने की वजाय उसी स्थल पर दोबारा सीसी सड़क स्वीकृत कर लाखों रुपये दुरुपयोग करने में सरपंच, सचिव का सहयोग किया है।अधिकारियों के संरक्षण में सरपंच, सचिव शासन को बैखोफ होकर लाखो रुपये का पलीता लगा रहे हैं, प्राप्त जानकारी के अनुसार 2021 में 15 वे वित्त मद से मुख्य मार्ग से प्राथमिक स्कूल तक सीसी रोड निर्माण हेतु 4 लाख रुपये स्वीकृत किया गया था, लेकिन बगैर कार्य कराये ही सप्लायरों को मटेरियल के नाम पर लगभग 3 लाख 99 हजार रुपये का भुगतान किया गया था,जबकि निर्माण कार्य स्थल में किसी भी तरह से बगैर कार्य कराए ही सरपंच, सचिव ने 4 लाख रुपये हजम कर लिया था। बिछिया मुख्य मार्ग से प्राथमिक शाला तक सीसी रोड निर्माण हेतु दिनाँक 14/04/2024 को पांचवा राज्य वित्त आयोग से 5 लाख रुपये स्वीकृत कर एक ही जगह पर दो बार कार्य स्वीकृत कर सीसी रोड बनाया गया है। इस तरह से जिम्मेदारों के मिलीभगत और संरक्षण के चलते बैखोफ सरकारी राशि से सरपंच, सचिव अपना विकास कर रहे हैं।

**भंडार क्रय नियम की उड़ा रहे धज्जियां**

सामग्री खरीदी में पारदर्शिता और गुणवत्ता कायम रखने के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 2015 एवं 2023 में मध्यप्रदेश भंडार क्रय नियम के तहत क्रय किये जाने और नियमो का पालन करने समस्त विभागों को आदेशित किया गया है, लेकिन ग्राम पंचायत सुंदरपुर के सरपंच स्वयं के सगे रिश्तेदार के अवैधानिक फर्म को करोड़ो रूपये का भुगतान करते रहे, जब जीएसटी चोरी का मामला उजागर होने के बाद भी एमएस ट्रेडर्स को लगातार फर्जी भुगतान किया जा रहा है।

## फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण पेड़ काटने का सिलसिला प्रारंभ



अनूपपुर।

रेलवे फाटक से कोतवाली मार्ग पर पड़ने वाले पेड़ों की कटाई के चलते फ्लाईओवर निर्माण में बाधा आ रही थी। जिसे देखते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए। इसके पश्चात मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर ने 29 दिसंबर को प्रातः 10 से दोपहर 2 तक विद्युत आपूर्ति बंद कर पेड़ों की कटाई जेसीबी मशीन एवं आरा मशीन के माध्यम से कराई। अभी अन्य पेड़ भी कटने है जिसके पश्चात ही फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण का कार्य पूर्णता की ओर होगा। संबंधित विभाग को चाहिए कि लगातार बचे हुए पेड़ों की कटाई कराकर फ्लाईओवर निर्माण का मार्ग क्लियर करें। कलेक्टर अनूपपुर से अपेक्षा है कि निरंतर अभियान चलवाकर बाधक बन रहे पेड़ों को जल्दी से जल्दी कटवाए।

# अनियंत्रित होकर बस हुई दुर्घटना का शिकार



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

जिले के विक्रमपुर चौकी अंतर्गत ग्राम कसाई सोडा में पावर हाउस के सामने रविवार की सुबह एक बस अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गई पीड़ितों की शिकायत पर चौकी पुलिस ने मामला दर्ज का मामले की विवेचना शुरू कर दी है। प्रार्थी जयंती परस्ते पति दलपत परस्ते उम्र 27 साल निवासी ग्राम दूधी, बेनीबारी जिला अनूपपुर ने पुलिस को दिए कथन में लेख किया कि रविवार को मै अपने मायका ग्राम आनाखेड़ा से डिण्डौरी की ओर जाने वाली लकी बस क्रमांक एमपी 20 पीए 0523 में बैठकर डिण्डौरी जा रही थी बस में अन्य सवारी भी बैठी थी। सुबह करीब 11.30 बजे ग्राम कसईसोंढ़ा पावर हाउस के पास पहुंचे ही थे कि बस का चालक बस को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पटरी में उतार कर एक्सीडेंट कर दिया। दुर्घटना में मेरे दाहिने हाथ पंजा के उपर, बायें पसली में चोट दर्द है। बस में बैठे अन्य सवारियों को भी चोटें आई है। 108 एम्बुलेंस से विक्रमपुर अस्पताल पहुंच कर ईलाज कराया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 281,125 (a) का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# 7 साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।



न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डिण्डौरी के प्रकरण क्रं0 392/2017 अप. क्र. 110/2017 धारा 457,380,492 ताहि. के स्थायी गिरफ्तारी वारंटी कृष्णपाल पिता भुख्खु सिंह मरावी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मोहती कुण्डापानी थाना समनापुर जिला डिण्डौरी का पता तलाश हेतु दिनाँक 29/12/2024 को थाना प्रभारी समनापुर निरीक्षक कामेश कुमार धूमकेती के विशेष मार्गदर्शन में उपनिरी. पारस यादव , कार्य. प्रआर. अमित पाण्डेय ,आर. सियाराम मरकाम , आर. योगेश नेवारे को वारंटी तलाश हेतु थाना गाडासरई क्षेत्र में मुखबिर से सूचना मिलने पर ग्राम गोरखपुर रवाना किया गया, जो उक्त वारंटी ग्राम गोरखपुर में गिरफ्तारी की डर से लुक छिप कर रहा था, जिसे थाना समनापुर टीम द्वारा वारंटी के होने की स्थान पर घेराबन्दी कर दबिश दिया गया जो स्थायी वारंटी पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पकडकर पूछताछ कर तस्दीक किया गया जो अपना नाम कृष्णपाल पिता भुख्खु सिंह मरावी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मोहती कुण्डापानी थाना समनापुर जिला डिण्डौरी का होना बताया जिसकी पहचान माननीय न्यायालय से जारी स्थायी वारंट के रूप में हुआ जिसे गिरफ्तारी का कारण बताकर विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया ।थाना प्रभारी निरीक्षक कामेश कुमार धूमकेती, उपनिरी. पारस यादव , कार्य. प्रआर. अमित पाण्डेय , आर. सियाराम मरकाम , आर. योगेश नेवारे की सराहनीय भूमिका रही ।

# जिला जेल में आयोजित किया गया दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**313 कैदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, जरूरतमंदों को उपलब्ध कराई दवाई**

अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली के निदेर्शानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला जेल अनूपपुर में निरुद्ध कैदीयो के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन जिला जेल परिसर में किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ श्रीमती एस बी अवधिया जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक तथा जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एस सी राय के नेतृत्व में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में चिकित्सक तथा पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। इस दौरान उप जेल अधीक्षक श्री तिवारी भी मौजूद रहे। दो दिवसीय शिविर में जिला जेल के 313 कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा जरूरतमंद कैदियों को औषधियां भी प्रदाय की गई।



### पूर्व विधायक के निधन पर भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

अनूपपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक एवं लोकतंत्र सेनानी जुगल किशोर गुप्ता का उपचार के दौरान 28 दिसंबर रात्रि लगभग 8:00 बजे निधन हो गया। शहडोल संभाग के कद्दावर नेता जो समाजवादी आंदोलन में संघर्ष के प्रतीक रहे आपातकाल में 19 में जेल में रहकर प्रजातंत्र की रक्षा के लिए अपने जीवन का बहुमूल्य समय समाज को समर्पित किया। 1977 में अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए अनेक विकास कार्यों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के उत्पीड़न के विरुद्ध संघर्ष के नायक रहे भूमि अधिग्रहण से कोयला खदानों में रोजगार दिलाने के लिए संघर्ष के बल पर अहम भूमिका निभाई राजनीति में सुचिता एवं ईमानदारी के प्रतीक रहकर संपूर्ण जीवन समाज एवं राष्ट्र निर्माण में समर्पित किया। जुगल किशोर गुप्ता अपने 82 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुके थे कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा था और चिकित्सालय में उपचार के दौरान उन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांस ली। उनके निधन पर मध्य प्रदेश शासन के लघु एवं कुटीर उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, अनूपपुर विधायक विसाहूलाल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रामदास पुरी, वरिष्ठ भाजपा नेता लव कुश शुक्ला, प्रेमचंद यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता, आधाराम वैश्य, बृजेश गौतम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सहबिन पनिका, उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा, अजय सराफ उपाध्यक्ष वैशाली ताम्रकार, राम अवध सिंह, अजय यादव, श्रीमती मंजूलिका सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार चौरसिया, श्रीमती रेनू कोल, उपाध्यक्ष रवि शंकर तिवारी, यशवंत सिंह उमंग गुप्ता, महामंत्री हीरा सिंह श्याम, जितेंद्र सोनी, अखिलेश द्विवेदी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## खबर संक्षेप

### जनकल्याण अभियान लगाये जायेंगे शिविर

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जिले की नगरीय निकायों व 6 जनपद पंचायतों में क्लस्टर के अनुसार ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 30 दिसम्बर को नगर पालिका परिषद गाडरवारा के इंदिरा वार्ड के लिए नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा में, नगर पालिका परिषद करेली के निरंजन वार्ड के लिए सोसायटी के पास, नगर पालिका परिषद गोटेगांव के रूद्र वार्ड के लिए टीएनएस कॉलेज के पास गोटेगांव में, नगर परिषद तेंदूखेड़ा के बालगंगाधर तिलक वार्ड के लिए कृषि उपज मंडी प्रांगण तेंदूखेड़ा में और नगर परिषद सालीचैका के सरदार वार्ड के लिए प्राथमिक शाला खैरुआ के पास शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह 30 दिसम्बर को जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मुंगवानी व पांजरा, जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गौरतला व कुंडा, जनपद पंचायत करेली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मानेगांव व कंधरापुर, जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बिलगुवां, जमुनिया व गंगई के संबंधित ग्राम पंचायत भवन में, जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत महगवांकला व बेलखेड़ी के पंचायत मुख्यालय में और जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पलोहाबड़ा व पिपरियाखुर्द में शिविर लगाये जायेंगा।

### शैक्षिक संवाठद का आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** जन शिक्षा केंद्र चाँवरपाठा के अंतर्गत आने वाली 24 प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के कक्षा तीन से आठ तक पढ़ने वाले समस्त शिक्षकों का शैक्षिक संवाद का आयोजन शासकीय माध्यमिक विद्यालय काशीखैरी मे किया गया जिसमें पेयर लर्निंग थिंक पेयर शेयर कोल्ड कॉल जैसी शैक्षिक गतिविधियों पर चर्चा की गई । सहजकर्ता जनशिक्षक ने बताया शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षको ने कक्षा-कक्ष में सीखने-सिखाने से जुड़े अपने अनुभव साझा किए इस कार्यक्रम का मकसद कक्षाओं में शैक्षिक समृद्धता लाना,छात्रों को अपने प्रशिक्षकों और साथियों के साथ संवाद करने से गहन शिक्षा मिलती है। संवाद के ज़रिए छात्र अपनी समझ को शब्दों में व्यक्त कर सकते हैं और अपने विचारों को सामने ला सकते हैं। संवाद में शामिल होकर छात्र ज्ञान के अंतर को पहचान सकते हैं और अपनी धारणाओं को चुनौती दे सकते हैं. साथ ही कक्षा में संवाद को बढ़ावा देने के लिए पाठों में इसके लिए सक्रिय रूप से योजना बनाना छात्रों को विषय-वस्तु से जोड़ने वाली विद्यार्थी-सक्रिय शिक्षण गतिविधियां कराना छात्रों को किसी समस्या पर तर्क करने और स्वयं अंतर्निहित सिद्धांत की खोज करने में मदद करना आदि विषयों पर चर्चा की गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से जन शिक्षक उपस्थित थे।

### नाबालिग का अज्ञात ने किया अपहरण, जांच शुरू

**कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बाहकल की एक 16 वर्ष 4 माह की नाबालिग का किसी अज्ञात ने अपहरण कर लिया गया है. अपहरण की यह वारदात 20 दिसंबर की रात्रि 10 बजे से लेकर 21 दिसंबर की रात्रि साढ़े 12 बजे के बीच की है. नाबालिग के पिता ने 28 दिसंबर को कटंगी थाना पहुंचकर बेटी के अपहरण की रपट दर्ज करवाई है. नाबालिग के पिता की शिकायत पर पुलिस ने गुम इंसान के साथ ही अपहरण का मामला दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस ने नाबालिग का अपहरण करने के मामले में अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 137 (2) का मामला दर्ज कर जांच विवेचना शुरू की है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार नाबालिक ने कक्षा दसवीं तक पढ़ाई की है जिसका अज्ञात ने बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया है. नाबालिग के पिता की शिकायत के बाद मामला दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी गई है।

**जीर्णोद्धार चाह रही सीढियां,पानी की टंकी के आसपास फैली गंदी**

# जर्जर हो रही पानी की टंकी, पड़ रही दरारें

नरसिंहपुर। जिला मुख्यालय के इतवारा बाजार मे बनी पानी की टंकी काफी पुरानी है। लोंगो की शासन-प्रशासन की हमेशा मंशा रहती है कि प्रत्येक परिवार को शुद्ध पेयजल सुगमता से उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए करोड़ों रुपए की परियोजना के माध्यम से सुविधा मुहैया कराने का प्रयास हो रहा है। वहीं जिला मुख्यालय पर ही यह मंशा पूरी नहीं हो रही है। करीब 7 दशक पुराने इतवारा बाजार की जर्जर पानी की टंकी जहां आबादी के लिए हादसा घटित होने का भय बना रहता है,वहीं पानी का रिसाव होने के कारण यहां फैली गंदगी से आधे शहर में हो रही पेयजल सप्लाई की शुद्धता पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है।







### जलकर देने के बाद नहीं मिल रहा साफ पानी

नगर पालिका द्वारा प्रत्येक घर से प्रतिमाह जलकर वसूला जाता है। लोगों के घरों मे साफ पानी पहुंचाने की जिम्मेदारी भी नगर पालिका की बनती है। यदि नगर पालिका द्वारा यह नही किया जा रहा है तो लोगों अधिकारों का हनन है। राजीव वार्ड मे बनी पानी की टंकी की हालात बिगड़ती जा रही है। नपा की अनदेखी के चलते यह हालात बनी हुई हैं। करीब 7 साल पहले जलावर्धन योजना के के द्वारा शहर वासियों को नर्मदा से लाकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का दावा किया गया। उस दौरान जर्जर हो चुकी इस टंकी को बेहतर बताकर नई टंकी का निर्माण किया गया। करीब 2 साल पहले इस पेयजल टंकी को जर्जर बताकर नई टंकी बनवाने का प्रस्ताव है, किन्तु प्रक्रिया के चलते अभी तक काम शुरू न हो सका।

### हादसे का बना रहता भय

स्थानीयों की माने तो उक्त पानी की टंकी तकरीबन 70 वर्ष पूर्व बनी गई थी। यह टंकी कई सालों से जर्जर खड़ी हुई है। जिससे आसपास के रहवासियों को हादसें घटित होने का खतरा साबित बना हुआ है। टंकी के आसपास राजीव वार्ड निवासियों की घनी आबादी की बसाहट है। क्षेत्रीय लोगों से बात करने और मौके पर पहुंचकर देखा तो पाया कि टंकी में कई स्थानों से दरार आने के कारण पानी का रिसाव होता है। वहीं प्लास्टर भी गिर रहा है, शहर के बीचों-बीच बनी जर्जर टंकी से कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसके पहले भी विगत साल नगरपालिका प्रशासन ने दावा किया था कि जल्द ही राईट आफ हो चुकी इतवारा बाजार पानी की टंकी के पर स्थान नई टंकी का निर्माण कराया जाएगा। बजट के आते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएंगे। ऐसे ही खोखले दावे निकाय के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों के रहे, लेकिन निर्माण नहीं हो सका।

### वाल्व हो रहे कीचड़ से सराबोर

राजीव वार्ड इतवारा बाजार में बनी पानी की टंकी से शहर के लगभग 10-12 वाडों में पानी पहुंचता है, यहां से पानी की सप्लाई शुरू करने के लिए लगाई गई वाल्व गंदगी से तरबतर चेंबर में बनी है। ऐसे में सप्लाई के दौरान यह गंदा पानी भी पेयजल के साथ की वजह से संक्रमण होने के खतरे से भी इंकार नहीं किया जा सकता इसके साथ ही यहां शूकरों का रहता है डेरा इतवारा बाजार की पानी की टंकी से रोज बड़े पैमाने पर हो रहे जल के रिसाव की वजह से यहां पूरे परिसर में कीचड़ और गंदगी का फैली हुई है। सुबह-शाम मार्ग पर फिसलन बनी रहती है। इसके अलावा यहां के परिसर में फैली कीचड़ में शुकरों लेकर नगरपालिका द्वारा कोई ध्यान तक नहीं दिया जा है।

## कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री को दी गई श्रद्धांजलि



**नरसिंहपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के योगदान को देश का भी भूल नहीं पाएगा। उन्होंने सदैव काम को ही प्राथमिकता दी। पूरे विश्व में उनका नाम बड़े आदर और सम्मान से लिया जाता है। उक्त बात जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कही। श्री राजपूत ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह के द्वारा ऐसे अनेक ऐतिहासिक कार्य किए गए जिसका लाभ देश को मिल रहा है। पूर्व विधायक सुनील जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस ही नहीं वरन पूरे देश के लिए उनके निधन से क्षति हुई है । पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष लाखन सिंह पटेल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह द्वारा उठाए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ नेता दीवान शैलेंद्र सिंह, डॉक्टर संजीव चांदोरकर, मनोहर साहू ने भी विचार रखे। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि अवसर पर नीलू राय, अस्सु नेमा, सुधीर लुनावत, रुद्रेश तिवारी, आशीष राजवेद, आनंद चैरसिया काजल सोनेलाल, वीरेंद्र पाठक संतोष शुक्ला, करोड़ी ठाकुर, कंछेदी पटेल, देवेंद्र शुक्ला, रजनीश सेन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित गोलू राय के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण

**नरसिंहपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार ने एडीपीसी समग्र शिक्षा दीपक अग्निहोत्री, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या, बीआरसी संदीप स्थापक एवं लेखपाल प्रकाश साहू दल के साथ सीएम राइज विद्यालय सांईखेड़ा का निरीक्षण शनिवार को किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री व्यौहार ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों को निरंतर उपस्थिति देने के लिए प्रेरित किया। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने प्रत्येक शनिवार होने वाले जनशिक्षा केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद में प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग के शिक्षकों को कक्षानुरूप बच्चों का अधिगम स्तर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुस्तकालय के रखरखाव पर प्रसन्नता व्यक्त की।



इसके उपरांत स्मार्ट क्लास में जाकर विद्यालय की शिक्षक द्वारा तैयार हिंदी विषय के आधारभूत अधिगम मॉड्यूल से शिक्षण के तरीके को देखा। उन्होंने प्रयोगशाला में संचालित गतिविधियों एवं उसके दस्तावेजीकरण का अवलोकन किया। प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा ने नवाचारों से अवगत कराया। प्राचार्य भानुप्रताप राजपूत ने पर्यावरण संरक्षण, विद्या विश्वकर्मा ने अंग्रेजी, सुधीर प्रजापति व मनोहर पटेल ने गणित, आदित्य द्विवेदी ने क्रीड़ा एवं अन्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी व निरीक्षण दल ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने के लिए प्रयास करने पर बल दिया और उन्हें टिप्स भी दिये। एमपी टास एवं अपार आईडी निर्माण की स्थिति और सीएम राइज विद्यालय में संचालित विभिन्न शाखाओं की जानकारी दी व प्रगति से कराया। निरीक्षण के दौरान सीएम राइज विद्यालय के अखिलेश मेहरा, रूपसिंह कुशवाहा, अर्चना तिवारी, कीर्ति चौबे, हेमलता अग्रवाल, भागीरथ प्रसाद, निरंजन झारिया, ओम कौरव और अन्य स्टाफ मौजूद था।

## अंतरराष्ट्रीय जीवन प्रबंधन विशेषज्ञ शिवानी दीदी का होगा आगमन





**नरसिंहपुर।** रविवार को ब्रह्मा कुमारीज नरसिंहपुर द्वारा स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में आगामी 3 फरवरी 2025 को शाम 5 बजे से अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल प्रवक्ता ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी का आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। भाग्य की कलम आपके हाथ विषय पर आयोजित होने वाले उक्त कार्यक्रम हेतु व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। इस आशय की जानकारी क्षेत्रीय संचालिका ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी ने पत्रकार स्नेह मिलन कार्यक्रम में दी। उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी के मार्गदर्शन में 4, 5, 6 फरवरी को प्रातः 7.30 से 9 एवं संध्या 7.30 से 9.00 तक स्थानीय सेवा केंद्र प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चलेगा। उन्होंने बताया कि पिछले 15 वर्षों के विभिन्न प्रयासों के द्वारा की ऐसी महान हस्ती को यहां तक लाने में हम सफल होंगे। कार्यक्रम में पत्रकार नीलेश जाट, बारिज बाजपेई, नरेंद्र श्रीवास्तव सीनियर ने भी अपने विचार व सुझाव साझा किए।

## दो सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत, चार महिलाएं घायल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रविवार को थाना क्षेत्र मुंगवानी में दो अलग - अलग दुर्घटनाओं मे एक व्यक्ति की मौत हो गई वही चार महिलाऐं घायल हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुगवानी व गाडरवारा खेड़ा के पास अज्ञात तेज रफतार बाइक ने पैदल जा रही चार महिलाओं को टक्कर मार दी जिसमें उमा पति जगदीश यादव उम्र 42 वर्ष, राजकुमारी पति मुन्नीलाल यादव उम्र 38 वर्ष, नर्मदी पति परसराम यादव उम्र 44 वर्ष और लल्लो पति नन्हेलाल यादव उम्र 40 वर्ष घायल हो गईं जिन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है। बताया गया कि सभी महिलायें खेत से मजदूरी की घर लौट रही थी। घटना के बाद से बाइक चालक फरार हो गया। वही दूसरी घटना में नरसिंहपुर-लखनादौन हाईवे नंबर 44 पर डुडवारा गांव के पास कंटेनर और बाइक की टक्कर हो गई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान सिवनी पटी गांव निवासी मुन्नालाल गौड़ उम्र 45 वर्ष के रूप में हुई। वह अपने बहनोई के साथ बाइक से जा रहा था। हादसे के बाद मुंगवानी पुलिस ने कंटेनर जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि दोनों मामलों में बाइक और कंटेनर चालकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। मर्ग प्रकरण तैयार कर शव का परीक्षण आज कराया जावेगा।

## बाइक टकराने से युवक घायल

**नरसिंहपुर** गत दिवस बचई के पास हुई सड़क दुर्घटना मे युवक घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अभिषेक कोल निवासी अगरिया थाना स्टेशन गंज किसी काम से बचई गया हुआ था तभी बचई शुगर मिल के पास अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

## ग्राम बगरई में कुश्ती का महा दंगल कार्यक्रम संपन्न



**गोटेगांव**

ग्राम बगरई (धरमपुर) में कुश्ती दंगल का आयोजन गया। विगत दिवस रविवार को समय सुबह 11:00 बजे से ग्राम बगरई में दंगल प्रोग्राम का आयोजन हुआ जिसमें सर्वप्रथम महावीर बजरंगबली जी के तेलचित्र के समक्ष दीप प्रजलित कर पूजन अर्चन किया गया,इसके उपरांत कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा तिलक लगाकर एवं गमछा और पगड़ी बंधन कर स्वागत सम्मान किया गया। उक्त आयोजन स्वर्गीय चेतराम असैया (उस्ताद)की पुण्य स्मृति में जय बजरंग व्यायाम शाला के तत्वाधान में किया गया जिसमें नरसिंहपुर गोटेगांव जबलपुर सहित अनेक जगहों से कुश्ती प्रेमियों ने पहुंचकर इस दंगल का लुत्फ उठाया वही बाहर से पधारे पहलवानों ने अपने दांव पेंच का अद्भुत नजारा पेश किया वही विजेता पहलवानों को स्थाई शील्ड कप और नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।इस अवसर पर बरगी विधायक नीरज सिंह ठाकुर,सिलावट समाज प्रदेश अध्यक्ष परम सिंह, संरक्षक जितेन्द्र चांदोलिया,प्रदेश महामंत्री दीनूसिंह छिरा,सचिव रजीत सिंह पिपरोलिया,मीडिया प्रभारी पत्रकार संजू चौहान,महासचिव देवीसिंह परसवाल,जिला अध्यक्ष दौलत सिंह राजोरिया,कोषाध्यक्ष सुरेंद्र पिपरोलिया,राकेश बझैया,वरिष्ठ समाजसेवी अनिल श्रीवास्तव,पत्रकार कैलाश गुप्ता आयोजन समिति से अजय असैया,भागीरथ असैया सहित सैकड़ो नागरिक उपस्थित रहे।

## गोटेगांव का बीएसएनएल कार्यालय भवन हुआ खस्ताहाल

**गोटेगांव**






स्थानीय नगर में स्थित सरकार की सबसे पुरानी दूरसंचार विभाग की हालत इस समय खस्ताहाल हो रही है जिस पर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी ध्यान देना उचित नहीं समझते इनकी तो केवल मोटी सैलेरी जेब में आती रहे, नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा से उन्हें कोई सरोकार नहीं रहता।मामला गोटेगांव के दूरसंचार विभाग बीएसएनएल कार्यालय का है जो नरसिंहपुर मार्ग पर टीले के पास स्थित है इस वक्त सुर्खियों में बन रहा हैजबकि इस मुख्य मार्ग से प्रतिदिन उच्च अधिकारी और जनप्रतिनिधि आते जाते रहते हैं,और इस जर्जर भवन को देखकर भी अनदेखा कर निकल जाते हैं। यह दो मंजिला भवन करीब 20 वर्ष पहले बनकर तैयार हुई था और इतने जल्दी ही गोटेगांव का बीएसएनएल कार्यालय क्षतिग्रस्त हो चुका है।उक्त बीएसएनएल कार्यालय जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारीयों की उदासीनता के चलते क्षतिग्रस्त होकर जर्जर हालत में पहुंच चुका है।इस भवन के प्रवेश द्वार के पास बाउंड्री वॉल जगह-जगह से दरक कर बिल्कुल टूट चुकी है जो कभी भी धराशाई हो सकती है।वहीं मुख्य प्रवेश द्वार के बाजू में स्थित एक कमरा नुमा कक्षा बिल्कुल खस्ताहाल हो चुका है जिसकी दीवारें में जगह-जगह बड़ी-बड़ी दरार पड़ चुकी हैं और यह कक्ष कभी भी जमीनजोद हो सकता है। वहीं भवन में लगा हुआ प्लास्टर भी दीवार को छोड़ चुका है। वही सीढियां में लगी टाइल्स पट्टी भी उखड़ चुकी है।बीएसएनएल कार्यालय में आने आवागमन करने वाले कस्टमर एवं अधिकारी कर्मचारी इसी छज्जे के नीचे से निकलते हैं जो खतरे से खाली नहीं है, कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। क्या बीएसएनएल के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी किसी अनहोनी घटना के इंतजार में मुकदर्शक बने बैठे हैं। कार्यालय आने जाने वाले नागरिकों का कहना है कि जर्जर भवन से कोई हानि होती है तो इसके जिम्मेदार प्रशासन एवं बीएसएनएल के अधिकारी कर्मचारी होंगे।

## गोटेगांव में अवैध कॉलोनियों का जाल, दलाल छाप रहे माल



**गोटेगांव।** नगर में चारों तरफ अवैध कॉलोनियों का निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा है। खेतों में सिर्फ सड़क और नालियां बनाकर जमीनें बेची जा रही हैं, जिन पर शासन के किसी भी नियम का पालन नहीं हो रहा। जिससे शासन को होने वाली आय से नुकसान हो रहा है।प्रायः देखा जा रहा है कि गोटेगांव शहर के चारों तरफ आजकल कालोनियों की भरमार होती जा रही है।इसका मुख्य कारण है कि किसान थोड़ी बहुत कच्ची सड़कें,डष्ट मुरम डालकर बना देते है और अपने खेत में प्लाट बनाकर पूंजीपतियों को बेचते है फिर पूंजीपति दलालों को अच्छी खासी रकम और परसेंटेज का लालच देकर दलालों की सहायता से प्लांट विक्रय करवा देते हैं जिससे दलालों को दलाली और पूंजीपति धन्ना सेठ बनते जा रहे हैं किंतु ऐसा नहीं है शासन को खबर न हो।परंतु देखा जा रहा है कि जब जवाबदार अधिकारी रहेंगे मौन तो कार्यवाही करेगा कौन।इसमें जवाबदार अधिकारियों की भी मिलीभगत की बू आ रही है जो नगर के बुद्धि जीवियों में चर्चा का विषय बनता जा रहा है साथ ही बिना अनुमति रजिसट्रियां की जा रही हैं।लगता है रजिस्ट्रार महोदय भी लक्ष्मी कृपा के चलते रजिसट्रियां कर रहे है ऐसा नगर में चर्चित होता जा रहा है।पूंजीपति अमीर बनते जा रहे है अब कार्यवाही कौन कर सकता है। ऐसे अधिकारी गोटेगांव में स्थापित हो गए है जिनके ऊपर शासन प्रशासन का दवाब भी नहीं है, इस अवैध धंधे में जमकर भ्रष्टाचार फल फूल रहा है। जबकि प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। आखिर माजरा क्या है जो नगर की जनता के मन मस्तिष्क में चर्चा का विषय बना हुआ है शासन के जवाबदार कर्तव्य निष्ठ और स्वच्छ छवि वाले अधिकारी ध्यान दें।